कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय, भारत सरकार)
Employees' State Insurance Corporation
(Ministry of Labour and Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि.
ESIC

सत्यमेव जयते

क्षेत्रीय कार्यालय / Regional Office
पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर - 208005
Panchdeep Bhawan, Sarvodaya Nagar, Kanpur - 208005
फ़ोन/Phone: 0512-2217957 ई-मेल/E-mail: rd-up@esic.nic.in
वेबसाइट/Website: www.esic.gov.in

2026-2027
श्रमिक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा
एवं राष्ट्र निर्माण हेतु समर्पित

पत्रांक: 21-D-11-14/Disp.IzzatnagarBareilly/2025 दिनांक: 05-05-2026

सेवा में,

1. संयुक्त निदेशक, निदेशालय कार्यालय, क.रा.बी. योजना और श्रम चिकित्सा सेवाएं, सर्वोदय नगर, कानपुर

2. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, बरेली क्षेत्र, बरेली (ई मेल के माध्यम से)

3. प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, क०रा०बी० औषधालय, कुदेसिया भवन, इज़्ज़तनगर बरेली, उत्तर प्रदेश 243003

4. शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, बरेली, क०रा०बी० निगम, ESIC अस्पताल परिसर, स्लीपर रोड, C.B. गंज,बरेली 243003

<u>विषयः कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, इज़्ज़तनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश संबंधित GeM बिड की प्रकाशित तिथि में परिवर्तन उपरान्त (निविदा संख्या: GEM/2026/B/7445522 दिनांक 04.05.2026) के प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु ।</u>

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, इज़्ज़तनगर, बरेली, उत्तर प्रदेश के संचालन हेतु भवन किराये पर लेने के लिए GeM बिड (निविदा संख्या: GEM/2026/B/7445522) को तकनीकी कारणोंवश प्रकाशित तिथि में आवश्यक संशोधन उपरांत GeM पोर्टल पर पुनः प्रकाशित तथा ESIC की आधिकारिक वेबसाइट www.esic.gov.in/tenders पर अपलोड कर दिया गया है।

उक्त बिड के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु आपसे अनुरोध है कि—

1. सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, शासकीय विभागों और संबंधित संस्थानों के प्रतिनिधियों को इस बिड के बारे तुरन्त सूचित करें।

2. भवन उपलब्ध कराने में रुचि रखने वाले सभी योग्य और पात्र संस्थानों को भागीदारी हेतु प्रेरित करें।

3. अपने क्षेत्र में बिड की सूचना स्थानीय कार्यालयों पब्लिक नोटिस बोर्ड ईमेल, व्हाट्सएप और अन्य संचार माध्यमों के जरिए व्यापक रूप से प्रसारित करें।

4. अधिकतम प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बिड के सभी विवरण और अंतिम तारीख का समय पर प्रचार करे।

5. यदि आवश्यक हो, तो संबंधित संस्थानों के साथ बैठक / संवाद आयोजित कर उन्हें भागीदारी और प्रक्रियाओं के बारे में मार्गदर्शन दें।

इस संबंध में, भविष्य में भवन हायरिंग प्रक्रिया को और अधिक सुचारू बनाने के उद्देश्य से 20 फरवरी 2026 को प्रातः 11:30 बजे क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तर प्रदेश के अध्यक्षता में एक Video Conference-cum-Training and Discussion Session आयोजित किया गया था। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी, चिकित्सा अधिकारी राज्य भर के अधिकारी और निदेशालय कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे है।

बैठक में GeM पोर्टल के माध्यम से सम्पूर्ण हायरिंग प्रक्रिया, Standard Operating Procedures (SOPs), लागू दिशा निर्देश, मुख्यालय द्वारा निर्धारित किराया सीमा, बोली की तकनीकी आवश्यकताएं और विभाग एवं बोलीदाता दोनों पक्षों के लिए प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि प्रक्रियात्मक त्रुटियों को न्यूनतम किया जा सके और निविदा शर्तों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित हो सकें।

साथ ही, राज्य भर के IT Managers और IT Assistants को एक समेकित सूची प्रसारित की गई है, ताकि पूरी हायरिंग प्रक्रिया के दौरान GeM पोर्टल से संबंधित तकनीकी सहायता समय पर उपलब्ध कराई जा सके, और उपयुक्त भवन की समय पर और नियमों के अनुरूप हायरिंग सुनिश्चित हो सके।

इस व्यापक प्रचार-प्रसार और प्रशिक्षण प्रयास से न केवल योग्य संस्थानों की भागीदारी बढ़ेगी, बल्कि भवन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी।

आपके सक्रिय सहयोग एवं तत्परता अपेक्षित है।

भवदीय,

Digitally signed by
ASHISH KUMAR
Date: 05-05-2026
11:10:08

(आशीष कुमार)

उप निदेशक (सामान्य शाखा)